# कृषि मशीनीकरण के प्रयासों को बढ़ावा देना

यह एडिटोरियल 13/04/2023 को 'द हिंदू' में प्रकाशित "Skills shortage hampering farm mechanisation" लेख पर आधारित है। इसमें भारत के कृषि मशीनीकरण के प्रयासों से संबद्ध समस्याओं और इस दिशा में आवश्यक उपायों की चर्चा की गई है।

## संदर्भ

नेशनल काउंसिल ऑफ एप्लाइड इकोनॉमिक रिसर्च (NCAER) द्वारा हाल ही में जारी श्वेत-पत्र के अनुसार भारत में कृषि मशीनरी उद्योग लघु एवं सीमांत किसानों की मांगों को पूरा करने में उल्लेखनीय चुनौतियों का सामना कर रहा है।

- कृषि मशीनरी उद्योग मांग और आपूर्ति दोनों पक्षों की चुनौतियों से घिरा है। भारत में कृषि मशीनीकरण 40-45% के स्तर के साथ शेष विश्व की तुलना में पिछड़ा हुआ है। उल्लेखनीय है कि अमेरिका में यह 95%, ब्राज़ील में 75% और चीन में 57% है।
- भारत में कृषि मशीनीकरण के निम्न स्तर के साथ ही कौशल की कमी और प्रौद्योगिकी एवं मशीनरी प्रबंधन के बारे में किसानों में जागरूकता की कमी कृषि क्षेत्र की प्रगति के लिये उल्लेखनीय बाधाएँ उत्पन्न करती है।

## कृषि मशीनरी उद्योग क्या है?

- कृषि मशीनरी उद्योग (Farm Machinery Industry) वह औद्योगिक क्षेत्र है जो जुताई , रोपण, कटाई आदि कृषि एवं खेती संबंधी गतिविधियों में उपयोग की जाने वाली मशीनरी, उपकरणों एवं औजारों की एक बड़ी शृंखला का उत्पादन और आपूर्ति करता है।
- इन मशीनों को खेती संबंधी कार्यों में उत्पादकता एवं दक्षता में सुधार लाने के लिये डिज़ाइन किया गया है और इसके अंतर्गत छोटे पैमाने एवं बड़े पैमाने के कृषि उपकरण, दोनों ही शामिल हैं।
    - इस उद्योग द्वारा पेश किये जाने वाले उत्पादों के कुछ उदाहरणों में ट्रैक्टर, कंबाइन हार्वेस्टर, सिंचाई प्रणाली, टिलर और अन्य कई साधन शामिल हैं।

## कृषि मशीनरी उद्योग के समक्ष विद्यमान चुनौतियाँ

- **कौशल की कमी:**
    - कौशल की कमी एक गंभीर मुद्दा है जो इस उद्योग के लिये 'low-equilibrium trap' (रिचर्ड आर. नेल्सन द्वारा विकसित एक आर्थिक अवधारणा) का निर्माण करता है।
    - उद्योग परिमंडि के निचले स्तर पर ग्रामीण शिल्पकार सबसे बड़े समूह का प्रतिनिधित्व करते हैं, जो मुख्य रूप से कृषि मशीनरी की आपूर्ति, मरम्मत एवं रखरखाव के माध्यम से भारतीय किसानों को सेवाएँ प्रदान करते हैं।
- **पर्याप्त जानकारी का अभाव:**
    - प्रौद्योगिकी और मशीनरी के प्रबंधन के बारे में किसानों के बीच पर्याप्त जानकारी एवं जागरूकता की कमी है।
    - इसके परिणामस्वरूप, कई बार वे अनुपयुक्त मशीनरी का चयन कर लेते हैं और उनका निवेश व्यर्थ जाता है।
- **कुशल कर्मियों की कमी:**
    - सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (MSMEs) कुशल कर्मियों की कमी का सामना करते हैं। प्रायः कृषि उपकरण और मशीनरी का निर्माण अर्द्ध-कुशल कामगारों द्वारा उचित उपकरणों की कमी के साथ किया जाता है। छोटे पैमाने के निर्माण में योग्य पर्यवेक्षकों की अनुपस्थिति गुणवत्ता सुनिश्चित करना चुनौतीपूर्ण बना देती है। इसके अलावा, मशीनरी के परीक्षण के लिये योग्य कर्मियों को पाना भी कठिन सिद्ध होता है।
- **उच्च पूंजीगत लागत:**
    - फार्म मशीनरी महँगी होती है और किसानों के पास नए उपकरणों में निवेश करने के लिये प्रायः संसाधनों का अभाव होता है। इससे नवीनतम प्रौद्योगिकी तक पहुँच की कमी और खेती संबंधी कार्यों में दक्षता की कमी की स्थिति बन सकती है।
- **तेज़ी से बदलती तकनीक:**
    - फार्म मशीनरी प्रौद्योगिकी तेज़ी से विकसित हो रही है और निर्माताओं को सामंजस्य बनाए रखने के लिये लगातार अनुसंधान एवं विकास में

नविश करना होगा। यह छोटे नरि्माताओं के लयि चुनौतीपूरण सदि्ध हो सकता है जनिके पास तुरंत नवोन्मेष के लयि संसाधनों का अभाव भी हो सकता है।

- **मौसम दशाओं पर नरि्भरता:**
    - कृषि मशीनरी मौसम दशाओं पर अत्यधकि नरि्भर है और प्रतकि्ूल मौसम देरी का कारण बन सकता है तथा खेती कार्यों को बाधति कर सकता है। इसके परणािमस्वरूप उत्पादकता में गरिावट और लाभप्रदता में कमी की स्थिति बिन सकती है।
- **रखरखाव और मरम्मत:**
    - कृषि मशीनरी के कुशलतापूरण कार्यकरण के लयि नयिमति रखरखाव और मरम्मत की आवश्यकता होती है। यह महँगा और समय-उपभोगी सदि्ध हो सकता है, वशिषकर छोटे कसिानों के लयि जनिके पास अपने उपकरणों को ठीक बनाए रखने के लयि संसाधनों का अभाव हो सकता है।
- **पर्यावरणीय चतिाएँ:**
    - खेती के पर्यावरणीय प्रभाव के बारे में चति बढ़ रही है जसिमें कृषि मशीनरी में जीवाश्म ईंधन का उपयोग भी शामलि है। कृषि मशीनरी वनिरि्माता अधकि संवहनीय और पर्यावरण-अनुकूल उपकरण वकिसति करने के दबाव में हैं।

## आगे की राह

- **युवा कसिानों/मालकिों/ऑपरेटरों को प्रशकि्षण देना:**
    - ट्रैक्टर प्रशकि्षण केंद्र, कृषि विज्ञिान केंद्र और उद्योग को युवा कसिानों/मालकिों/ऑपरेटरों को कृषि मशीनरी के चयन, संचालन और सेवा के संबद्ध में प्रशकि्षण देने हेतु उत्तरदायी बनाया जाना चाहयि।
    - वभिन्नि अनुप्रयोगों के लयि नए और बेहतर कृषि उपकरणों की उपलब्धता सहति मशीनीकरण में वकिास के बारे में भी जानकारी प्रदान की जानी चाहयि।
- **फ्रंट-लाइन प्रदर्शन को सबल करना:**
    - कृषि मशीनरी के फ्रंट-लाइन प्रदर्शन (Front-line demonstration) को सबल कयिा जाना चाहयि और नई पीढ़ी की कृषि मशीनरी के उपयोगकर्ताओं को प्रशकि्षण देने से कृषि शक्ति के वसि्तार एवं स्वीकरण को प्रोत्साहन मलि सकता है।
- **कौशल की कमी को दूर करना:**
    - भारतीय कृषि कौशल परषिद (Agricultural Skills Council of India) को मांग पक्ष में कौशल की कमी को दूर करने के लयि ज़लिा स्तर पर कार्य करना चाहयि।
    - कस्टम हायरगि सेंटर्स (Custom Hiring Centres) के साथ सार्वजनकि-नजिी भागीदारी वशिष रूप से उपयोगी सदि्ध हो सकती है। इसके अतरिकि्त, भारतीय कृषि अनुसंधान परषिद (ICAR) संस्थान ऐसे लघु पाठ्यक्रमों की पेशकश कर सकते हैं जो मांग पक्ष में कौशल की कमी को संबोधति करें।
    - मरम्मत एवं रखरखाव के क्षेत्र में कौशल अंतराल को दूर करने के लयि औद्योगकि प्रशकि्षण संस्थानों (ITIs) का लाभ उठाया जा सकता है और नजिी एवं औद्योगकि क्षेत्रों में क्षेत्रीय एवं राज्य स्तर पर सेवा केंद्रों को बढ़ावा दयिा जा सकता है।
- **उपलब्ध तकनीकी ज्ञान और कौशल का प्रावधान करना:**
    - ज़लिा उद्योग केंद्र (District Industries Centre) को स्थानीय औद्योगकि समूहों के साथ कार्य करना चाहयि ताकि ITIs नवीनतम उपलब्ध तकनीकी ज्ञान एवं कौशल से संपन्न प्रासंगकि पाठ्यक्रम प्रदान कर सकें।
    - दोहरे व्यावसायकि कौशल कार्यक्रमों से टयिर-2 और टयिर-3 शहरों में स्थति औद्योगकि समूहों को व्यापक लाभ प्राप्त होगा। इसके साथ ही, MSMEs द्वारा केंद्र सरकार की प्रशकि्षु नीति का भी लाभ उठाया जाना चाहयि।

**अभ्यास प्रश्न:** भारत में कृषि मशीनीकरण के प्रयासों के सफल कार्यान्वयन में बाधाकारी प्रमुख चुनौतयिाँ कौन-सी हैं और उनका समाधान कैसे कयिा जा सकता है?

## यूपीएससी सवििलि सेवा परीक्षा, वगित वर्ष के प्रश्न (PYQ)

***?????? ????????***

**प्र. बागवानी फार्मों के उत्पादन, उत्पादकता एवं आय को बढ़ाने में राष्ट्रीय बागवानी मशिन (NHM) की भूमकिा का आकलन करें। कसिानों की आय बढ़ाने में यह कहाँ तक सफल हुआ है? (वर्ष 2018)**

**प्र. देश में खाद्य प्रसंस्करण क्षेत्र की चुनौतयिाँ व अवसर क्या हैं? खाद्य प्रसंस्करण को बढ़ावा देकर कसिानों की आय में पर्याप्त वृद्धि कैसे की जा सकती है? (वर्ष 2020)**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/boosting-farm-mechanization-efforts